Reg:-Govt.of india

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com बुधवार 18 दिसम्बर 2024






# हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला कमेटी ने जताया विरोध

## धर्मशाला में मंदिर कमेटी की हुई बैठक



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपडिया बाबा धर्मशाला में मंगलवार की रात्रि मंदिर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाने और 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर कमेटी के कई लोगो को रामगढ अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायलय से धारा 144 लगाने को लेकर मिले नोटिस पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि खाता संख्या 63 प्लाट नं. 767 रकबा 7 डिसमील भूमि प्लाट बताकर सुरेश उपाध्याय द्वारा धारा 144 लगवाने कार्य किया जा रहा है। जिसका मंदिर कमेटी कड़ा विरोध करता है। बैठक में कहा गया कि सुरेश उपाध्याय दिग्भ्रमित कर केवल भूमि बताकर दशको से उक्त भूमि पर अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में धारा 144 लगवाना चाहता है। ताकि मंदिर में पूजा-पाठ के साथ धर्मशाला में धार्मिक कार्यों पर रोक लगा दिया जाए। बैठक में मौजूद लोगो ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि कानूनी नोटिस का जबाब हमलोग भी कानूनी ढंग से माननीय न्यायलय में देकर सुरेश उपाध्याय के सनातन विरोधी मंशा का पर्दाफाश करेंगे। बैठक में मंदिर कमेटी के प्रदीप मांझी, पंसस प्रतिनिधि रोबिन मुखर्जी, राजकिशोर पांडेय, विनय मिश्रा, महेंद्र साव, अमित शर्मा, किशोर कुमार, बाबूलाल नायक, बिट्टू गुप्ता, अशोक राम, बुधन गोस्वामी, बिल्लू अग्रवाल, संजय साव, सत्यनारायण प्रसाद, अभिषेक मिश्रा, कृष्णा यादव, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# मां शीतला मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत् कथा संपन्न होने पर भंडारा का हुआ आयोजन

## हवण और भंडारा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, भक्ति जयकारो से गूंजा क्षेत्र

### प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना है : राम कुमार पाठक





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा अनुष्ठान संपन्न होने पर बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पंडित रामकुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां शीतला का पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात हवन का आयोजन हुआ है। पूजा और हवण में भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करते हुए पंडित रामकुमार पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। पंडित श्री पाठक ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है। इसलिए हर श्रद्धालु को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में अमित पाठक, किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# गिद्दी पत्रकार चौक में भिकारी ठाकुर की जयंती धुमधाम से मनाया



**समाचार संध्या**

गिद्दी/ सिरका। गिद्दी पत्रकार चौक के समीप भिखारी ठाकुर की जयंती धुम धाम से मनाया गया। इसके बतौर मुख्य अतिथि आजसु के केन्द्रीय सचिव गुड्डू यादव ने उनके चित्र पर मालर्यापण व पुष्प अपित किया। उसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित किया। भिखारी ठाकुर एक प्रसिद्ध लोक कलाकार, रंगकर्मी, कवि और नाट्य निर्देशक थे। उनका जन्म 18 दिसंबर 1887 को बिहार के सारण जिले के कुतुबपुर दियारा जो की सारण जिला के मुख्यालय छपरा से 13 किलोमीटर की दुरी पर गाँव में हुआ था। भिखारी ठाकुर ने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। उन्होंने बिहारी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई नाटक, कविताएँ और गीत लिखे। उनके नाटकों में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को उठाया गया था, जो उस समय के समाज में बहुत प्रासंगिक थे। भिखारी ठाकुर को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1954 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। आज भिखारी ठाकुर की जयंती पर, हम उनके योगदान को याद करते हैं और उनके कार्यों से प्रेरणा लेते हैं। हम उनकी स्मृति को सम्मानित करते हैं और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर गुड्डू यादव, पवन कुमार, प्रेमचंद शर्मा, कुंज लाल प्रजापति, संजीत पटेल, प्रमेन्द्र सिंह, धमेन्द चौधरी, छोटटु चौधरी, राजु प्रजापति, राजेश सिंह, चंदन सिंह, महादेव महली, दीपक झा, राजु बेदिया, राजकुमार यादव, पवन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सीसीएल के सीएसआर लाडली योजना की जानकारी दी गई. आगामी 12 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करने की अपील






**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में सीसीएल के द्वारा सीएसआर के तहत मिलने वाले लाल लाडली योजना की जानकारी भैया-बहनो को संबंधी कार्यक्रम आयोजन में दी गई। अवसर पर मुख्य रूप से सीसीएल डिप्टी मैनेजर पर्सनल रांची मारियो तरुण एक्का, सीएसआर विभाग रांची के विकास कुमार, कल्याण पदाधिकारी रजत जयसवाल व प्राचार्य शंभू कुमार सिंह उपस्थित थे. अवसर पर सीसीएल के अधिकारियों ने छात्रो को लाल लाडली योजना के बारे में विस्तृत रुप से बताया. पूर्व में विद्यालय के कई छात्रों को योजना से चयनित होकर लाभ मिलने. देश के कई प्रमुख प्रतिष्ठानों में अपनी सेवा देने आदि बातें कहीं गई. इसके अलावे उज्जवल सुदेव, दिव्यांशु कुमार मिश्रा, सौरभ कुमार सिंह, दुर्गेश प्रसाद सिंह, आकांक्षा पांडे व अदिति कुमारी के बारे में भी बताया गया. अधिकारियों ने योजना के लिए 12 जनवरी 2025 तक रजिस्ट्रेशन करने की अपील भी की. बताया कि दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है. जिसमें चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आईआईटी कोचिंग की सुविधा दो वर्षों के लिए दी जाएगी. इसका लाभ अधिक से अधिक उठाने का आह्वान भी हुआ। मौके पर विद्यालय के कई आचार्य, कर्मचारी उपस्थित थे।

# 63 सूत्री मांगों को ले भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलयारी कर्मचारी संघ ने भुरकुंडा प्रबंधन के साथ की बैठक

## सभी मांगो पर सकारात्मक पहल करने का प्रबंधन ने दिया आश्वासन



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा रेस्ट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलयारी कर्मचारी संघ के द्वारा कामगारों के हित से संबंधित 63 सूत्री मांगों को लेकर भुरकुंडा परियोजना प्रबंधन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, माईन ए मैनेजर कमर फहीम, पर्सनल मैनेजर देवेंद्र कुमार, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद कुमार, ईएंडएम के प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, भुरकुंडा अस्पताल के डॉ नदीम अनवर और संगठन की ओर से महामंत्री शशी भूषण सिंह, केंद्रीय मंत्री सह क्षेत्रीय सचिव शंभु प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य श्रीकांत गुप्ता, संगठन मंत्री जेपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललन प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रबंधन से वार्ता के दौरान भुरकुंडा परियोजना सीसीएल सीकेएस के सचिव अनिल पासवान अध्यक्ष, नौशाद आलम ने कामगारों से संबंधित सभी मुद्दों पर बात रखते हुए इसके समाधान के लिए प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिसपर प्रबंधन ने जल्द से जल्द सभी मुद्दों का तय समय सीमा के अंदर सुलझाने का आश्वासन दिया। मौके पर कन्हैया सिंह यादव, लक्ष्मी प्रसाद, दिनकर सिंह, नौशाद आलम, दुधेश्वर महतो, फारुख रजा, आरिफ हुसैन, भावग्राही महतो, राहुल कुमार, आदित्य कुमार, राहुल रॉय, रामशरण, राजकुमार, महेंद्र सिंह यादव, शिवकुमार, बिंदेश्वर मुंडा आदि मौजूद थें।

Dr. Balmiki Mehta (Advocate)
Consultant
INCOME TAX DEPARTMENT
7870469472
8918392600
Email : randhirkushwaha074@gmail.com
Randhir Singh
Income Tax Advisor
Note : Income Tax Return, TDS Refund, P.F. Refund, GST Reg. & Filling.
PAN CARD में हर प्रकार का सुधार आसानी से किया जाता है ।
हमारे Tax Expert आपकी मदद करने हेतु तैयार है ।
MAA BHAWANI INTERNET, SIRKA SBI ATM के पिछे, मिल के बगल में

# रेलीगढ़ा भाकपा माले पार्टी कार्यालय में मनाया गया कॉ.बिनोद मिश्रा की 26वीं और बिनोद बिहारी महतो की 33वीं स्मृति दिवस

**समाचार संध्या**








गिद्दी। भाकपा-माले द्वारा रेलीगढा पार्टी कार्यालय में कॉ.बिनोद मिश्रा की 26वीं एवं बिनोद बिहारी महतो का 33 वीं स्मृति दिवस मनाया गया।सर्व प्रथम हजारीबाग जिला कमिटी के सदस्य कॉ.शहिद अंसारी द्वारा झण्डोतोलन किया गया।तत्पश्चात एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात पार्टी के केन्द्रीय कमिटी सदस्य कॉ.मिथिलेश कुमार सिंह और बैजनाथ मिस्त्री ने कॉ. बिनोद मिश्रा व बिनोद बिहारी महतो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। फिर केन्द्रीय कमिटी सदस्य कॉ.आर डी मांझी, जिला सचिव कॉ.पचु राणा किसान नेता सोहराय मांझी, राज्य कमेटी सदस्य कॉ. राजेन्द्र गोप सहित सभी उपस्थित साथियों ने पुष्प अर्पित किए जबकि संकल्प सभा की अध्यक्षता कॉ. सुन्दर लाल बेदिया, अशोक गुप्ता व धनेश्वर तुरी संयुक्त रूप से किया गया।कॉ.बैजनाथ मिस्त्री ने बिस्तार से बिनोद मिश्रा व बिनोद बिहारी महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा जिला सचिव हजारीबाग कॉ.पचु राणा राज्य कमेटी के निर्णय को रखा जिसमें पार्टी के अधार में सघन रुप में सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में कैडरों को सदस्यता दिलाने और सभी सदस्यों को ब्रांच व लोकल कमेटी में संगठित करने और प्रखंड सम्मेलन कर कमेटी गठित करने का फैसला लिया गया।18दिसम्बर से 26 जनवरी तक जोहार झारखण्ड अभियान के तहत डाडी प्रखंड के जिला परिषद स्तर पर प्रचार जत्था बनाकर चलाने का निर्णय लिया गया है।साथ ही 21जनवरी 2025 को उत्तरी छोटानागपुर स्तर का कार्यकर्ता सम्मेलन हजारीबाग में करने का फैसला लिया सम्मेलन के मुख्य वक्ता पार्टी महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य होंगे तथा सम्मेलन में भाकपा-माले के निरसा विधायक कॉ.अरुप चटर्जी सिंदरी विधायक कॉ.चन्द्र देव महतो और बगोदर के पुर्व विधायक कॉ. बिनोद सिंह, राजधनवार के पुर्व विधायक कॉ. राजकुमार यादव व राज्य सचिव कॉ.मनोज भक्त शामिल रहेंगे 26 जनवरी को ज़िले के सभी पार्टी कार्यालयों में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा और प्रस्तावना का पाठ भी होगा कॉ.आर डी मांझी ने शेख भिखारी टीकैत उमरांव के शहादत दिवस मनाने के लिए चुटुपालू में बड़ी संख्या में कैडरों को शामिल होने का आह्वान किया गया।संकल्प सभा में मुख्य रूप से अजित प्रजापति, सोहराय मांझी, सुरेश वेदिया, दिनेश कुमार, मदन राम, अनिता देवी, रस्का मांझी, दशय बास्के, मानाराम मांझी, पुसन गंझु, उमेश राम, तुलसीदास मांझी, प्रमोद उरांव, अमृत राणा, महेश बेदिया, रामफल महतो, रामकिसुन, राजकुमार लाल, दिनेश बेदिया, रामप्रवेश गोप,मनिषा यादव, इस्लाम यूनूस, इरफान खान, रामू सिंह सहित बड़ी संख्या में कैडरों ने भाग लिया। कॉ.मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा माला पहनाकर गिद्दी निवासी गुलाम मुस्तफा को पार्टी में शामिल किया गया।

# भागपा माले ने सोसो में कामरेड विनोद मिश्रा एवं विनोद बिहारी महतो की स्मृति दिवस मनाया



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी । भाकपा (माले )दुलमी प्रखंड द्वारा कॉ विनोद मिश्र का 26 वॉ एवं बिनोद बिहारी महतो का स्मृति दिवस संयुक्त रूप से सोसो में मनाया। स्मृति दिवस की अध्यक्षता जिला कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य कॉ बीगेंद्र ठाकुर एवं संचालन कॉ लालचंद ठाकुर ने किया! सबसे पहले कामरेड विनोद मिश्रा एवं विनोद बिहारी महतो के चित्र पर सभी पार्टी सदस्यों ने पुष्पांजलि किय।0 उसके बाद 1 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद केंद्रीय कमेटी द्वारा आह्वान पत्र का पाठ कामरेड लालचंद ठाकुर के द्वारा किया गया। स्मृति सभा में अपनी बातों को रखते हुए कामरेड बीगेंद्र ठाकुर ने कहा कि कॉ भी एम भी अपनी अंतिम मीटिंग में जो बात उन्होंने कही थी की इतिहास में बड़े-बड़े सवाल हमेशा सड़कों की लड़ाइयां से हल होते हैं। यह बात कामरेड विनोद मिश्रा ने दिसंबर 1998 में पार्टी केंद्रीय कमेटी को अपनी अंतिम नोट में याद दिलाई थी। उन्होंने युवा कम्युनिस्ट से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और उस फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करें। जो तब अपना सिर उठाना शुरू कर चुका था! क्रांतिकारी मार्क्सवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी ग्रामीण गरीबों का शक्तिशाली आंदोलन, और भगवा साजिश के खिलाफ हर क्षेत्र में पहल इन तीनों प्रमुख चुनौतियां को कामरेड बी एम ने अपनी अंतिम नोट में रेखांकित किया था।

# गिद्दी का युवक संजय पश्चिम बंगाल से लापता



**समाचार संध्या**

रामगढ़। गिद्दी तूफान चौक (हजारीबाग) निवासी संजय कुमार राय पिता माधव चंद्र राय, चाचा शक्ति पोदो राय है. जो 14 दिसंबर 2024 को अपने गांव ग्राम सुरसाकुड़ी राजपूतडीह , थाना पुरुलिया, पोस्ट चिड़का, जिला पुरुलिया(पश्चिम बंगाल) गया हुआ था. बीते 17 दिसंबर 2024 को सुबह 8 बजे नाश्ता कर करके सुरसाकुड़ी गांव घूमने निकला, लेकिन घर नहीं लौटा, अंतिम बार चासरोड में देखा गया था, लापता युवक संजय कुमार राय की मानसिक स्थिति बचपना जैसा है, परिजनों ने सूचना देने के लिए मोबाईल 7488 54 0742, 7493 87 4006 व 6295 847151देने का आग्रह किया है।

# रेलवे क्रोसिंग बंद होने की समस्याओं का समाधान करेंगे सांसद मनीष जायसवाल : राजीव जायसवाल

## सांसद मनीष जायसवाल रेल मंत्री और अधिकारियों से मिलकर कराएंगे मायल रेलवे क्रोसिंग की समस्या से अवगत





**समाचार संध्या**

रजरप्पा। मायल रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रोसिंग को बंद करने की योजना बन रही हैं। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को जैसे ही मिली ग्रामीण चिंतित हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को दिया। ग्रामीणों की सूचना पर सांसद प्रतिनिधि मायल रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि रेलवे क्रोसिंग को बंद किया ज रहा हैं। यदि रेलवे क्रोसिंग बन्द कर दिया गया तो ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। लोग 4 किलोमीटर दूर जाकर आवागमन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि रेलवे क्रोसिंग बन्द करने की सूचना स्थानीय हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दे दिया गया है। सांसद जल्द ही रेल मंत्री सहित रेल विभाग के वरीय अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का हल निकालेंगे। ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करेंगे।

### सांसद प्रतिनिधि राजीव ने ग्रामीणों के साथ किया निरीक्षण

सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, ने तुरंत इस मामले को हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल को इसकी सूचना मोबाइल पर दी, और स्थानीय लोगो का फ़ोन पर बात भी करवाया ।इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या के संबंध में रेल मंत्रालय से बात कर मायल रेलवे क्रॉसिंग से संबंधित समस्या का समाधान किया जाएगा ।इस अवसर पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों संग रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण भी किया और ग्रामीणों के साथ बैठक भी किया ।इस अवसर पर बड़कीपोना मुखिया अरविंद सिंह, लारी मुखिया दिवाकर नायक, समाजसेवी रमेश दांगी, दिवाकर नायक, दीपक सिंह ,दीपक कुमार, सुरेंद्र महतो, जयशंकर महतो, सुरेंद्र राम दांगी, सुदेश महतो, सुदेश कुमार, आशीष कुमार, सुमित कुमार, विनय महतो, विकास कुमार, मनोज, विजय कुमार, सेवंती देवी, शोभा मुंडा, अनिता देवी, सुमित्रा देवी, नवमी देवी, गिरिबाला देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

**समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे ।**

**Email :- *samacharsandhiyanews@gmail.com***

***www.samacharsandhiya.com***

# हजारीबाग चौकीदार की बहाली में फूलसराय, बड़का चुम्बा समेत आसपास के युवकों की परेशानी बढ़ी, बताया गिद्दी थाना क्षेत्र में हजारीबाग व रामगढ़ के मध्य इलाके में पड़ने के कारण कागजी पेज में फंसा नियुक्ति प्रक्रिया

**समाचार संध्या रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। थाना गिद्दी क्षेत्र जिला हजारीबाग व रामगढ़ के मध्य में आता है. इन दोनों यहां रहने वाले थाना क्षेत्र फूलसराय, मनुवां, बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, छोटका चुम्बा आदि क्षेत्रों के चौकीदार बहाली में शामिल होने वाले युवकों की




परेशानी बढ़ गई है. बीते 21/08/24 को प्रशासन ने चौकीदार की बहाली निकली थी. लेकिन अब उनकी बहाली में अड़चन आ रही है. बताया गया कि इसका कारण चौकीदार बहाली में शामिल होने वाले युवक बताते हैं कि हम लोगों को रामगढ़ जिले में बताया जा रहा है. जिस कारण चौकीदार बहाली में कठिनाई हो रही है. यह हालत तो प्रशासन व सरकार के द्वारा पनपाई गई है. जिसका हल प्रशासन और सरकार को मिलकर निकालना है. हम अपने क्षेत्र के मुताबिक चौकीदार बहाली में प्रबल दावेदार हैं. जमीनी क्षेत्र के दायरो को सुधार और समस्याओं का निपटारा प्रशासनिक व्यवस्था से होनी चाहिए. यदि हम लोगों की बातों पर गौर नहीं किया जाता है, तो आगे न्यायालय (कोर्ट) की शरण लेगे. जबकि इधर फूलसराय, मनुवा, बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, छोटका चुम्बा आदि क्षेत्रों से दर्जनों युवकों ने चौकीदार बहाली के लिए आवेदन किया है।

# सरना स्थान के चारदीवारी का निर्माण शुरू



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस कुमार**

गिद्दी/सिरका। कनकी पंचायत होसीर गांव के सरना स्थान के चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसमें कल्याण विभाग से कराया जा रहा है इस योजना को धरातल पर लाने के लिए 2018 से प्रयास किया जा रहा था आखिर सफलता 7 साल के बाद मिला इस पावन कार्य में मुख्य रूप से कनकी पंचायत मुखिया लक्ष्मी देवी भाग 2 पसंस गणेश महतो के द्वारा शिलान्यास नारियल फोड़ के किया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो, केतर मुंडा, अनिल महतो, नंदकिशोर महतो, मोहन मुंडा, नेमा मुंडा, संतोष महतो, रंजीत कुमार, पोखलाल महतो, कंचन मुंडा, अकाश ठाकुर, दीपेंद्र कुमार, त्रिवेणी महतो आदि उपस्थित थे।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व मांडू विधायक का गोला मे हुआ स्वागत





**समाचार संध्या**

रजरप्पा। एनएच 23 राष्ट्रीय मार्ग गोला स्थित दामोदर रेस्टुरेंट में धनबाद से वापस आने के क्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो व मांडू के नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो का माला पहनाकर एवं बुके देकर गोला मे स्वागत किया गया। आजसू केंद्रीय अध्यक्ष एवं मांडू के नवनिर्वाचित विधायक धनबाद जिला में आयोजित कार्यक्रम सिंदरी बलियापुर से वापस लौट रहे थे। इस दौरान आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुप्रीमो को पार्टी के बारे मे अवगत कराया। मौक़े पर गोला आजसू पार्टी प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, केन्द्रीय सद्स्य सुबोध महतो, गोला बीस सूत्री अध्यक्ष राम बिनय महतो, राही चौधरी गुड्डू सिंह ,गोबिंद मुंडा सहित कई मौजूद थे।

# हेसला महुआटांड में भाकपा माले के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा के 26 वें एवं कामरेड विनोद बिहारी महतो के 33 वें स्मृति दिवस मनाया

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**



सिरका। रामगढ़ प्रखंड के हेसला महुआटांड में बुधवार को भाकपा माले के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा के 26 वें स्मृति दिवस एवं कामरेड विनोद बिहारी महतो के 33 वें स्मृति दिवस पर पार्टी सदस्यों एवं समर्थकों की उपस्थिति में दिवगंत कामरेडों का स्मृति दिवस मनाया गया। चित्र पर माल्यार्पण भाकपा माले जिला कमिटी सह रामगढ पार्टी कमिटी सदस्य कामरेड विजेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया। 1 मिनट के मौन श्रद्धांजलि के साथ ही केन्द्रीय कमिटी की आह्वान और संकल्प पत्र का पाठ किया गया। कामरेड विनोद मिश्रा ने कहा था कि इतिहास में बड़े-बड़े मुद्दे-सवाल सड़कों की लड़ाईयों से हल होते हैं। यह बात कामरेड वीएम ने दिसम्बर 1998 में पार्टी की सेन्ट्रल कमिटी को अपने अंतिम नोट में याद दिलाई थी। उस समय उन्होंने युवा कम्युनिस्टों से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और उस फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करें। जो तब अपना सिर उठाना शुरू कर चुका था। क्रान्तिकारी मार्क्सवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी, ग्रामीण गरीबों का शक्तिशाली आन्दोलन, और भगवा साजिश के खिलाफ हर क्षेत्र में पहल इन प्रमुख चुनौतियों को कामरेड वीएम ने अपने अंतिम नोट में रेखांकित किया था। स्मृति दिवस के अवसर पर पार्टी सदस्यता भर्ती, पार्टी सदस्यों का नवीकरण, ब्रांच (शाखा), लोकल कमिटी का गठन पुनर्गठन एवं प्रखंड सम्मेलन फरवरी 2025 तक आयोजित करने पर उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा व तैयारी में जूट जाने का विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में सरयू बेदिया, माथुर राम, विजय प्रजापति, लालकुमार बेदिया, गनेश बेदिया, शैलेन्द्र बेदिया, महादेव राम, छोटन मुंडा, मोदी बेदिया, अनवर अंसारी, रुपलाल बेदिया, बंशी बेदिया, बसंत प्रजापति, केदार बेदिया, टुमन बेदिया, राजू ठाकुर, जोगल बेदिया अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।